


# सप्तदश बिहार विधान सभा

## पंचम सत्र

## दैनिक विवरणिका

संख्या-14

बृहस्पतिवार, दिनांक-17 मार्च, 2022 ई०।

**माननीय अध्यक्ष श्री विजय कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई।**

**समय : 11:00 बजे पूर्वाह्न से 12:40 बजे अपराह्न तक।**

**[1] प्रश्नकाल :-**

(i) 03 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित।

(ii) 01 अल्पसूचित प्रश्न संख्या-85 संसदीय कार्य विभाग को स्थानांतरित।

(iii) 01 अल्पसूचित प्रश्न संख्या-88 स्थगित।

(iv) 16 तारांकित प्रश्न उत्तरित।

(v) 01 तारांकित प्रश्न संख्या-2255 पंचायती राज विभाग को स्थानांतरित।

(vi) 01 तारांकित प्रश्न अपृष्ठ।

(vii) 167 तारांकित प्रश्न अनागत।

अल्पसूचित प्रश्न संख्या-88 के निस्तारण के दौरान आसन द्वारा इस प्रश्न को स्थगित किया गया और चलते सत्र में इसका उत्तर देने का निदेश दिया गया।

**[2] कार्यस्थगन प्रस्ताव :-**

माननीय सदस्य, श्री महबूब आलम, श्री अरूण सिंह, श्री महा नंद सिंह, श्री मनोज मंजिल, श्री रामबली सिंह यादव, श्री सुदामा प्रसाद, श्री समीर कुमार महासेठ, श्री अजय कुमार, श्री वीरेन्द्र प्रसाद गुप्ता एवं श्री अमरजीत कुशवाहा द्वारा दिया गया कार्यस्थगन प्रस्ताव नियमानुकूल नहीं रहने के कारण आसन द्वारा इसे अमान्य किये जाने की घोषणा की गई।

**[3] शून्यकाल :-**

शून्यकाल की सूचना के अन्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया गया :-

| | |
|---|---|
| (i) श्रीमती गायत्री देवी | (ii) श्री अजय कुमार |
| (iii) श्री अरूण शंकर प्रसाद | (iv) श्रीमती मंजु अग्रवाल |

(v) श्री कृष्णनंदन पासवान
(vi) श्रीमती भागीरथी देवी
(vii) श्री मुकेश कुमार यादव
(viii) श्रीमती विभा देवी
(ix) श्री रामचन्द्र प्रसाद
(x) श्री संजय सरावगी
(xi) श्रीमती रेखा देवी
(xii) श्री महा नंद सिंह
(xiii) श्री ललन कुमार
(xiv) श्री प्रणव कुमार
(xv) श्री मिथिलेश कुमार
(xvi) श्री रामबली सिंह यादव
(xvii) श्री अरूण सिंह
(xviii) डॉ० निक्की हेम्ब्रम
(xix) श्री मुरारी मोहन झा
(xx) श्री ललित नारायण मंडल
(xxi) श्री मनोज मंजिल
(xxii) श्री वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता
(xxiii) श्री अवध बिहारी चौधरी
(xxiv) श्री विजय कुमार मंडल
(xxv) श्री पवन कुमार यादव
(xxvi) श्री भरत बिंद
(xxvii) श्री विद्या सागर केशरी
(xxviii) श्री विजय कुमार खेमका
(xxix) श्री भूदेव चौधरी
(xxx) श्री सुनील मणि तिवारी
(xxxi) श्री प्रमोद कुमार सिन्हा
(xxxii) श्री पवन कुमार जायसवाल
(xxxiii) श्री गोपाल रविदास
(xxxiv) श्री समीर कुमार महासेठ
(xxxv) श्री राम रतन सिंह
(xxxvi) श्री जय प्रकाश यादव
(xxxvii) श्री अमरजीत कुशवाहा
(xxxviii) श्री मो० कामरान
(xxxix) श्री विजय कुमार
(xl) श्री रणविजय साहू
(xli) श्री मो० इसराईल मंसूरी
(xlii) श्री विनय बिहारी
(xliii) श्रीमती रश्मि वर्मा
(xliv) श्री अजय कुमार सिंह
(xlv) श्री मिश्री लाल यादव
(xlvi) श्री सुदामा प्रसाद
(xlvii) श्री प्रकाश वीर

शून्यकाल सूचनाओं के बाद आसन की अनुमति से माननीय सदस्य श्री मनोज मंजिल द्वारा आरा में एक व्यक्ति की पुलिस थाने में पीटे जाने एवं उसकी मृत्यु हो जाने के मामले को तथा माननीय सदस्य श्री संजय सरावगी द्वारा COMFED से संबंधित प्रश्न पर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया।

[4] **ध्यानाकर्षण सूचनाएँ** :-

(i) माननीय सदस्य, श्री गुंजेश्वर साह एवं अन्य सभासदों का स्वास्थ्य विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य, श्री गुंजेश्वर साह द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, श्री मंगल पाण्डेय द्वारा इसका उत्तर दिया गया।

(ii) माननीय सदस्य, श्री पवन कुमार जायसवाल एवं अन्य सभासदों का पथ निर्माण विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य, श्री पवन कुमार जायसवाल द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय प्रभारी मंत्री, पथ निर्माण विभाग, श्री श्रवण कुमार द्वारा इसके उत्तर के लिए समय की मांग की गयी।

[5] **सभा मेज पर कागजात का रखा जाना** :-

माननीय सभापति, शून्यकाल समिति, श्री चन्द्रहास चौपाल द्वारा शून्यकाल समिति का गृह विभाग से संबंधित 95वाँ प्रतिवेदन की एक प्रति को सभा मेज पर रखा गया।

तत्पश्चात सभा की बैठक भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई।

## भोजनावकाश के बाद

(02.00 बजे अपराह्न से 05.10 बजे अपराह्न तक)

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

**[6] वित्तीय कार्य :-**

**वित्तीय वर्ष 2022-2023 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांगों [खंड-08 (पथ निर्माण विभाग; पंचायती राज विभाग; कला, संस्कृति एवं युवा विभाग तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग)] पर वाद-विवाद एवं मतदान:-**

माननीय मंत्री, पथ निर्माण विभाग, श्री नितिन नवीन द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-2023 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांगों में से पथ निर्माण विभाग से संबंधित अनुदान की मांग को प्रस्तुत किया गया।

तदुपरान्त माननीय सदस्य, श्री ललित कुमार यादव द्वारा कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया।

अनुदान की माँग एवं कटौती प्रस्ताव निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया:-

1. श्री भूदेव चौधरी
2. श्री राणा रणधीर

(इस अवसर पर माननीय उपाध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

3. श्री चन्द्र शेखर
4. श्री बिजय सिंह
5. श्री संजय कुमार तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी
6. श्री लखेंद्र कुमार रौशन
7. श्री सतीश कुमार
8. श्री अजीत कुमार सिंह
9. श्री मो० अनजार नईमी
10. श्री प्रफुल्ल कुमार माँझी
11. श्रीमती संगीता कुमारी
12. डॉ० सत्येन्द्र यादव
13. श्री सुर्यकान्त पासवान
14. श्री रामवृक्ष सदा
15. श्री मिथिलेश कुमार

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

माननीय मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, श्री आलोक रंजन द्वारा विभाग से संबंधित सरकार की योजना को सदन के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

माननीय मंत्री, पथ निर्माण विभाग, श्री नितिन नवीन द्वारा सरकार की ओर से उत्तर दिया गया। सरकार के उत्तर से असंतुष्ट होकर विपक्ष के सभी माननीय सदस्यगण सदन से बहिर्गमन कर गये।

तदुपरान्त माननीय सदस्य, श्री ललित कुमार यादव द्वारा प्रस्तुत कटौती का प्रस्ताव सदन से अस्वीकृत हुआ तथा पथ निर्माण विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का मूल प्रस्ताव सदन से स्वीकृत हुआ।

**[7] आसन का संदेश :-**

हम लोकतांत्रिक होने के साथ-साथ उत्सवधर्मी समाज के भी अंग हैं। हर मत में अलग-अलग ऋतुओं के अनुसार पर्व मनाने की परंपरा हमारे यहाँ है। आने वाले दिनों में हम ऋतुराज बसंत के आनंद और उल्लास से सराबोर, राग और रंग का त्योहार होली मनाने जा रहे हैं। आज होलिका दहन है। इस अवसर पर हम सब अपने विकारों, अहंकारों, गिले-शिकवे और शिकायतों का दहन कर नए संवत (विक्रम संवत-2079) में प्रवेश करें। नई उर्जा, नए उमंग, प्रेम और सौहार्द के रंगों में रंग जाने का संकल्प लें। क्लेष और द्वेष की तरफ पीठ

कर शांति और सद्भाव को गले लगाने का प्रयास करें। इस अवसर पर लोकतंत्र और विधायिका की नई मजबूती के साथ हम सभी अपनी जिम्मेदारी के सम्यक निर्वहन के संकल्प को सिद्धि तक पहुंचाने की प्रेरणा प्राप्त करें।

आगामी 22 मार्च को हम बिहार दिवस भी मनाने जा रहे हैं। यह दिन हमारे राज्य में प्राचीन काल से चली आ रही जन-गण के मन की आशाओं के अनुसार आगे बढ़ने वाली राज और समाज की व्यवस्था को रेखांकित करने का दिन है। बिहार दिवस हमें याद दिलाता है कि हम उस महान धरती के अंग हैं जहाँ से शांति, सौहार्द और लोकतंत्र की सीख दुनिया को मिली है। अत: हमें यह भी नहीं भूलना चाहिए कि हमारे ऊपर जिम्मेवारी भी सबसे ज्यादा है। हमें विवाद से बैर की ओर न जाकर विश्वास की राह लेनी है। संवाद से समस्या की जगह समाधान की तरफ बढ़ना है। यही बिहार की इस महान भूमि और इसे गौरवान्वित करने वाले हमारे पुरखों ने हमें सिखाया है।

शुद्ध मन और सकारात्मक भाव के साथ हम सभी जन-कल्याण के प्रति संकल्पित हों। इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपने तथा पूरे सदन की ओर से देश और प्रदेश के जन-जन को होली तथा बिहार दिवस की अग्रिम शुभकामनाएँ देता हूँ।

इस दौरान माननीय मंत्री, शिक्षा विभाग, श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा सूचित किया गया कि दिनांक 22 मार्च, 2022 को बिहार दिवस है जिसे हम अपने प्रदेश के जन्मोत्सव के रूप में मनाते हैं। बिहार दिवस के अवसर पर कार्यक्रमों का संयोजन शिक्षा विभाग करता है। इन कार्यक्रमों का आयोजक एवं नोडल डिपार्टमेंट शिक्षा विभाग है।

माननीय मंत्री, शिक्षा विभाग द्वारा सभी माननीय सदस्यों से बिहार दिवस के अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम में भाग लेने हेतु दिनांक 22 मार्च, 2022 को दोपहर तक पटना अवश्य पहुँच जाने का अनुरोध किया गया।

तदुपरान्त माननीय उप मुख्यमंत्री, श्री तारकिशोर प्रसाद द्वारा सदन को सूचित किया गया कि दिनांक 25.03.2022 को संध्या 06:30 बजे फिल्म ''द कश्मीर फाईल्स'' का प्रदर्शन पी. एण्ड एम. मॉल में किया जायेगा। उन्होंने सभी माननीय सदस्यों को इस फिल्म को देखने हेतु आमंत्रित किया तथा सभी सदस्यों को होली की ढेर सारी शुभकामनायें भी दिया।

**[8] निवेदन :-**

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल 49 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिये जायेंगे।

तदुपरान्त सभा की बैठक बुधवार, दिनांक-23 मार्च, 2022 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई।

पटना
दिनांक-17.03.2022

**शैलेन्द्र सिंह**
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना।